# गाडरवारा-तेंदूखेड़ा सड़क मार्ग पर बने बड़े गड्ढे

## प्रतिदिन हो रहे हादसें, वाहनों में हो रही टूट फूट

**नवभारत/ तेंदूखेड़ा** इन दिनों तेंदूखेड़ा से गाडरवारा तरफ जाने वाले सड़क मार्ग पर खकरिया से वेयरहाउस के बीच लगभग आधा किलोमीटर सड़क मार्ग पर भारी गड्ढे हो जाने के कारण बाहन चालक परेशान हो रहे हैं। वहीं गड्ढों में गिरकर बाहनों में टूट-फूट और चालक वर्ग चोटिल हो रहे हैं। गौरतलब रहे कि इस सड़क मार्ग पर बड़ी संख्या में भारी वाहनों की आवाजाही बनी रहती हैं। क्षमता से अधिक लोड लेकर बाहन गुजरते हैं।तथा वेयरहाउस से आगे खकरिया तरफ तक सड़क मार्ग पर निर्माण हो पाना संभव नहीं हो रहा है।जिस कारण से गंभीर



स्थिति बनीं हुई है।विशेष तौर पर छोटे बाहन चालकों को ज्यादा परेशानी हुआ करती है। छोटी कारें गड्ढों में फंस जाती हैं तथा सालेंसरों में पानी भर जाने के कारण गाडियां बंद हो जाती है।

खाई नुमा इन गड्ढों में नीचे चेंबर टकरा जाने के कारण आइल गिर रहा है।पहली बार अजनबी निकलने वाले बाहन चालकों को यहां से निकल पाना ज्यादा पीड़ा दायक बना हुआ है।




## 138 विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण

**नवभारत/ नरसिंहपुर।** राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम चिरहकला स्थित शासकीय नवीन माध्यमिक विद्यालय में विद्यार्थियों का व्यापक स्वास्थ्य परीक्षण शुक्रवार को किया गया। साईखेड़ा स्वास्थ्य विभाग के डॉ. नीरज गुप्ता ने कक्षा पहली से कक्षा 8 वीं तक के कुल 138 छात्र-छात्राओं के स्वास्थ्य संबंधी जांच की गई। स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान विद्यार्थियों का वजन एवं ऊंचाई मापन, नेत्र परीक्षण तथा मौसमी बीमारियों की जांच की गई। साथ ही बच्चों को व्यक्तिगत स्वच्छता एवं साफ-सफाई के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। आवश्यकता अनुसार छात्र-छात्राओं को औषधियां भी वितरित की गईं।

# CHC परिसर में 5 हजार साल पुरानी बिल्डिंग और क्वार्टर जर्जर

**नवभारत/ नरसिंहपुर।** जिले के शासकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोटेगांव परिसर में स्थित 50सौ साल पुराने मकान और बिल्डिंग जर्जर होकर कभी भी ढह सकते हैं। कुछ माह पूर्व संबंधित अधिकारियों ने निरीक्षण के बाद इन्हें डिस्मेंटल घोषित कर दिया था, लेकिन अब तक इन्हें तोड़ने या सुरक्षित करने की दिशा में कोई कार्रवाई नहीं हुई है। जर्जर भवनों के कारण यहां आने वाले मरीजों, उनके परिजनों और अस्पताल स्टाफ की जान हमेशा खतरे में बनी हुई है। बिल्डिंग की दीवारों में दरारें, छत से प्लास्टर गिरना और नींव का कमजोर होना आम बात है। थोड़ी सी बारिश या तेज हवा में हादसे की आशंका बनी रहती है।स्थानीय नागरिकों का कहना है कि अधिकारियों द्वारा निरीक्षण कर रिपोर्ट बना दी गई।



### फाइलों में ही सब कुछ दबकर रह गया

लेकिन उसके बाद फाइलों में ही सब कुछ दबकर रह गया। जिम्मेदारों की लापरवाही के कारण यह समस्या गंभीर होती जा रही है। नागरिकों ने कलेक्टर और स्वास्थ्य विभाग के आला अधिकारियों से मांग की है कि समय रहते इन जर्जर भवनों को हटवाकर मरीजों और स्टाफ की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। अब देखना होगा कि प्रशासन इस संवेदनशील मुद्दे पर कब संज्ञान लेता है और अस्पताल परिसर को सुरक्षित बनाता है।

### एक नजर में

#### अभियान 2.0 के तहत बकतला तालाब का किया निरीक्षण

**नरसिंहपुर।** कलेक्टर रजनी सिंह ने शुक्रवार को गोटेगांव क्षेत्र का भ्रमण कर निर्माणाधीन सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) का निरीक्षण किया तथा निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कार्यदायी एजेंसी को निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने, गुणवत्ता के सभी मानकों का पालन सुनिश्चित करने तथा कार्य में आवश्यक तेजी लाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने अमृत योजना 2.0 के अंतर्गत विकसित किए जा रहे बकतला तालाब का भी अवलोकन किया। उन्होंने तालाब के शेष निर्माण कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश देते हुए कहा कि परियोजना की गुणवत्ता एवं समयबद्धता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा।

#### कलेक्टर रजनी सिंह गोटेगांव में आयोजित कार्यशाला में शामिल हुई

**नरसिंहपुर।** कलेक्टर रजनी सिंह शुक्रवार को गोटेगांव में आयोजित कार्यशाला में शामिल हुई। कार्यशाला के दौरान कलेक्टर रजनी सिंह ने आशा कार्यकर्ताओं एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को विशेष मार्गदर्शन देते हुए कहा कि मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने के लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। उन्होंने निर्देशित किया कि क्षेत्र में समन्वित प्रयासों के माध्यम से माताओं और बच्चों के स्वास्थ्य की सतत निगरानी सुनिश्चित की जाए, जिससे मृत्यु दर को न्यूनतम किया जा सके। कलेक्टर रजनी सिंह ने निर्देश दिए कि स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास विभाग की टीम मिलकर कार्य करते हुए यह सुनिश्चित करे कि अंतिम व्यक्ति तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचें।

#### अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद जन्म दिवस कार्यक्रम आयोजित

**नरसिंहपुर।** केन्द्रीय जेल नरसिंहपुर में गुरूवार 23 जुलाई को अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद के जन्म दिवस के अवसर पर केन्द्रीय जेल नरसिंहपुर में निरूद्ध बंदियों द्वारा जेल स्टॉफ के सहयोग से सांस्कृतिक लोक नृत्य का आयोजन। बंदियों द्वारा उत्साह पूर्वक सांस्कृतिक लोक नृत्य में भाग लेकर अपने देश के प्रति, भाषा, संस्कृति एवं लोक नृत्य कला का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर बंदियों ने बताया कि अमर शहीद चंद्रशेखर का जन्म 23 जुलाई 1906 को मध्यप्रदेश के झाबुआ जिले के भावरा गांव में हुआ था। उनका सम्पूर्ण जीवन देश की सेवा में समर्पित रहा। जेल अधीक्षक अदिति चतुर्वेदी पांडेय ने कहा कि महान क्रांतिकारी शहीद चंद्रशेखर आजाद ने ब्रिटिस शासन के खिलाफ नेतृत्व किया था।

#### छात्राओं को माहवारी स्वच्छता की दी गई जानकारी

**नरसिंहपुर।** मिशन शक्ति, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना एवं मिशन वात्सल्य (समेकित बाल संरक्षण योजना) के अंतर्गत कलेक्टर रजनी सिंह के मार्गदर्शन में शासकीय पीएम एमएलबी कन्या विद्यालय नरसिंहपुर में एक दिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के वार्षिक कैलेंडर के तहत माहवारी स्वच्छता विषय पर छात्राओं को विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। स्वास्थ्य विभाग नरसिंहपुर की विषय विशेषज्ञ काउंसलर श्रीमती मृदुला सोनी ने छात्राओं को मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता एवं पोषण के महत्व के बारे में बताया।

# चीचली जनपद अध्यक्ष राधा अहिरवार के समर्थन में कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

**नवभारत/गाडरवारा।** चीचली जनपद पंचायत अध्यक्ष राधा अहिरवार द्वारा जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) चीचली के खिलाफ पिछले 12 दिनों से धरना-प्रदर्शन जारी है। इस मामले को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी ने गाडरवारा के अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) को ज्ञापन सौंपकर प्रशासन से हस्तक्षेप की मांग की। कांग्रेस नेताओं ने ज्ञापन के माध्यम से मांग की कि राधा अहिरवार द्वारा लगाए गए आरोपों की निष्पक्ष जांच कराई जाए तथा पूरे मामले में शीघ्र और न्यायसंगत कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उनका कहना था कि लंबे समय से धरना जारी रहने के बावजूद समाधान नहीं निकलना चिंताजनक है। ज्ञापन सौंपने के दौरान कांग्रेस



पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने प्रशासन से आग्रह किया कि मामले को गंभीरता से लेते हुए सभी पक्षों को सुनकर उचित निर्णय लिया जाए, ताकि स्थिति का शांतिपूर्ण समाधान हो सके। प्रशासन को इस विषय पर शीघ्र संज्ञान लेकर निष्पक्ष जांच एवं आवश्यक कार्रवाई करनी चाहिए, जिससे संबंधित पक्षों को न्याय मिल सके और प्रशासनिक व्यवस्था पर जनता का विश्वास बना रहे।

# छात्र-छात्राओं को मिलीं नि :शुल्क साइकिलें

**नवभारत/गाडरवारा।** गुरुवार को साईखेड़ा ब्लॉक के विभिन्न शासकीय विद्यालयों में मध्यप्रदेश शासन की नि:शुल्क साइकिल वितरण योजना के तहत छात्र-छात्राओं को साइकिलें वितरित की गईं। ग्राम बरहटा के शासकीय हाईस्कूल में 17, बम्होरी कला के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 55, आमगांव छोटा में 36, बनवारी में 35 तथा मिढ़वानी (देवरी) के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 28 छात्र-छात्राओं को साइकिलें प्रदान की गईं। कार्यक्रम में युवा भाजपा नेता राव अनुज प्रताप सिंह सहित जनप्रतिनिधियों ने विद्यार्थियों को साइकिलें वितरित कर शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर राव अनुज प्रताप सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए



कहा कि पढ़ाई में लगाया गया समय ही उज्वल भविष्य की मजबूत नींव बनता है। उन्होंने कहा कि मेहनत का कोई विकल्प नहीं होता और जो विद्यार्थी अनुशासन, नियमित अध्ययन तथा अपने गुरुओं का सम्मान करता है, सफलता निश्चित रूप से उसके कदम चूमती है। उन्होंने कहा कि माता-पिता अपने सपनों का त्याग कर बच्चों को शिक्षित करते हैं, इसलिए विद्यार्थियों का भी कर्तव्य है कि वे पूरी लगन से पढ़ाई कर उनके सपनों को साकार करें। उन्होंने विद्यार्थियों से पुस्तकीय ज्ञान के साथ-साथ आधुनिक तकनीक का सकारात्मक उपयोग करने की अपील करते हुए कहा कि मोबाइल और इंटरनेट का उपयोग सीखने और ज्ञान बढ़ाने के लिए करें। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, भाजपा कार्यकर्ताओं, विद्यालयों के प्राचार्यों, शिक्षकों, छात्र-छात्राओं एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति रही।

# भक्तों को आनंद प्रदान करने अवतार लेते हैं भगवान : पं.पचोरी

**नवभारत/तेंदूखेड़ा।** जब धरती पर अधर्म बढता है पापाचार दुराचार बढ़ने लगता है तब धर्म कि विधिवत स्थापना के लिए अपने भक्तों को आनंद प्रदान करने के लिए भगवान अवतार लेते हैं उक्त उद्गार कथा व्यास पं प्रमोद पचोरी के द्वारा प्रतिष्ठित कोठारी परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत साप्ताहिक ज्ञान यज्ञ में व्यक्त किए। सृष्टि विषयक व्याख्यान में महाराज मनु के द्वितीय पुत्र प्रियव्रत जी के वंश का वर्णन करते हुए वृत्रासुर का चरित्र प्रहलाद चरित्र सदाचार वर्णाश्रम धर्म नारी धर्म गज -ग्राह चरित्र समुद्र मंथन बलि वामन संवाद सूर्यवंश चंद्रवंश का विस्तार से वर्णन करते हुए श्री कृष्ण अवतार की सुंदर कथा सुनाई।



भगवान बालकृष्ण की सुन्दर बाल लीलाओं की कथा श्रवण कराई। तथा गोवर्धन पर्वत का वर्णन बड़े ही मनोरम भाव से सुनाते हुए स्पष्ट किया कि इंद्र को अपनी शक्ति का अभिमान हो जाने के कारण स्वयं योगेश्वर भगवान श्री कृष्ण ने नग पर पर्वत धारण कर अपने भक्तों की रक्षा की थी।

# गाडरवारा में भारत विकास परिषद की बैठक आयोजित

**नवभारत/ गाडरवारा।** गत दिवस गाडरवारा में राजीव जैन (थाला वालों) के आवास पर भारत विकास परिषद की बैठक आयोजित की गई। बैठक में परिषद के रीजनल संगठन सचिव सुनील लवंगिकर ने कहा कि भारत विकास परिषद राष्ट्र एवं समाजहित में कार्य करने वाला संगठन है। उन्होंने अधिक से अधिक लोगों से परिषद से जुड़कर सेवा कार्यों में सहभागिता निभाने का आह्वान किया। राष्ट्रीय पर्यावरण सदस्य जितेंद्र कुमार शर्मा ने परिषद की गतिविधियों की जानकारी देते हुए बताया कि संस्था द्वारा समय-समय पर रक्तदान शिविर, नेत्र परीक्षण एवं नेत्रदान जागरूकता, वृक्षारोपण सहित विभिन्न सामाजिक एवं जनकल्याणकारी




कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। रीजन चेयरमैन सुनील कोठारी ने कहा कि भारत विकास परिषद सेवा, समर्पण और संस्कार के उद्देश्यों को लेकर कार्य करती है। उन्होंने सभी सदस्यों से सहयोग और समन्वय की भावना के साथ संगठन की गतिविधियों को आगे बढ़ाने का आग्रह किया। बैठक के अंत में गाडरवारा शाखा का गठन किया गया, जिसमें मधुसूदन पटैल को सर्वसम्मति से भारत विकास परिषद, गाडरवारा शाखा का अध्यक्ष घोषित किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार अनिल गुप्ता, राजीव जैन, मधुर चाचा, शिक्षक राजेश गुप्ता, राजेंद्र गुप्ता, सुरेंद्र पटैल, आयुष कठल, अनमोल जैन सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।

# NEET पेपर लीक और लाठीचार्ज के विरोध में कांग्रेस का हल्ला बोल

**फुआरा चौक से पैदल मार्च, बेरोजगारी और परीक्षा घोटालों पर केंद्र को घेरा**

**नवभारत/गोटेगांव।** दिल्ली के जंतर मंतर पर शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे युवाओं पर हुए लाठीचार्ज और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के साथ हुई बदसलूकी के विरोध में शुक्रवार को गोटेगांव कांग्रेस सड़क पर उतर आई। कार्यकर्ताओं ने फुआरा चौक से पैदल मार्च निकालकर एसडीएम के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। नगर कांग्रेस अध्यक्ष पंडित लक्ष्मी नारायण तिवारी के नेतृत्व में हुए इस प्रदर्शन में कांग्रेस ने केंद्र



सरकार पर युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ का आरोप लगाया। ज्ञापन में 6 प्रमुख मांगें रखी गईं। कांग्रेस ने हृश्वश्वज्ञ पेपर लीक मामले में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग की। साथ ही कहा कि बेरोजगार युवाओं से प्रतियोगी परीक्षाओं में बार-बार पेपर लीक कर भविष्य बर्बाद किया जा रहा है। इस पर रोक लगाकर युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराया जाए। ज्ञापन में हृश्वश्वज्ञ, ष्टक्क्रस्श्व और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं को सुनियोजित तरीके से कराने, संसद मार्च के दौरान बिना पहचान के पुलिस और असामाजिक तत्वों द्वारा छात्रों पर किए गए लाठी-डंडे और पत्थरबाजी की न्यायिक जांच कराने और दोषियों पर कार्रवाई की मांग भी शामिल है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि भारत युवा प्रधान देश है। छात्रों के भविष्य को देखते हुए केंद्र सरकार को इस संवेदनशील मुद्दे का तुरंत समाधान निकालना चाहिए। उन्होंने राहुल गांधी के साथ हुई अभद्रता की कड़े शब्दों में निंदा की और कहा कि संविधान ने विपक्ष को छात्रों के हितों की आवाज उठाने का पूर्ण अधिकार दिया है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# कलेक्टर रजनी सिंह ने ग्राम मुड़िया में किया आंगनवाड़ी एवं शासकीय विद्यालय का निरीक्षण

**नवभारत/नरसिंहपुर।** कलेक्टर रजनी सिंह ने शुक्रवार को जिले के ग्राम मुड़िया में आंगनवाड़ी केन्द्र एवं शासकीय प्राथमिक शाला का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने आंगनवाड़ी केन्द्र में बच्चों को दिए जा रहे पोषण आहार की गुणवत्ता जांचने के लिए स्वयं भोजन चखकर देखा तथा आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर सिंह के निरीक्षण के दौरान आंगनवाड़ी केन्द्र में दर्ज संख्या 16 के विरुद्ध 13 बच्चे उपस्थित पाए गए। निरीक्षण के दौरान कुपोषण की स्थिति की भी जानकारी ली गई, जिसमें 2 बच्चे गंभीर कुपोषित (सेम) एवं 2 बच्चे मध्यम कुपोषित (मेम) श्रेणी में पाए गए। कलेक्टर ने संबंधित आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को बच्चों के पोषण स्तर में सुधार हेतु विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। इसके पश्चात कलेक्टर ने शासकीय प्राथमिक शाला मुड़िया का निरीक्षण किया। विद्यालय में दर्ज बच्चों की संख्या 27 के विरुद्ध 20 छात्र उपस्थित पाए गए। कलेक्टर ने बच्चों से शैक्षणिक गतिविधियों के संबंध में बातचीत कर उनकी पड़ाई के बारे में जाना। साथ ही मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता एवं वितरण व्यवस्था का भी अवलोकन किया। कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने अधिकारियों एवं संबंधित कर्मचारियों को निर्देशित किया।

# कठपुतली नाटक के माध्यम से दिया नशा मुक्ति का संदेश

**नवभारत/ तेंदूखेड़ा** सामाजिक न्याय एवं निशक्त जन कल्याण विभाग नरसिंहपुर द्वारा संदीपनी शासकीय विद्यालय डोभी में नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।जिसमें कठपुतली नाटक के माध्यम से विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों एवं उससे होने वाले सामाजिक पारिवारिक और स्वास्थ्य संबंधी नुकसान के बारे में सरल एवं प्रभावी ढंग से बताया गया। कलाकारों ने अपने आकर्षक प्रस्तुतीकरण के माध्यम से बताया कि नशा व्यक्ति के जीवन परिवार और समाज पर गंभीर नकारात्मक प्रभाव डालता है।विद्यार्थियों को नशे जैसी बुराइयों से दूर रहने तथा अपने परिवार और आसपास के



लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करने का आह्वान किया।सभी विद्यार्थियों को नशा न करने एवं नशा मुक्त समाज के निर्माण में सहयोग देने की शपथ दिलाई गई। विद्यार्थियों ने भी नशे से दूर रहने और दूसरों को जागरूक करने का संकल्प लिया।विद्यालय परिवार ने सामाजिक न्याय एवं निशक्त जन कल्याण विभाग की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम छात्रों में सकारात्मक सोच विकसित करने तथा समाज को नशा मुक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

# कलेक्टर ने व्यवस्थाओं में सुधार के दिए सख्त निर्देश

**नरसिंहपुर।** कलेक्टर रजनी सिंह ने शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं एवं निर्माण कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने डीएमएफ मद से चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों बाउंड्रीवॉल, पेवर ब्लॉक, शौचालय एवं टीन शेड निर्माण कार्यों का जायजा लिया। कलेक्टर ने पेवर ब्लॉक की गुणवत्ता संतोषजनक नहीं पाए जाने पर संबंधित अधिकारी को तत्काल उन्हें हटाकर गुणवत्तापूर्ण पेवर ब्लॉक लगाने के निर्देश दिए। साथ ही पूरे स्वास्थ्य केन्द्र परिसर को बाउंड्रीवॉल से पूर्ण रूप से कवर करने के निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान कैम्पस के भीतर संचालित एक निजी मेडिकल दुकान को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर ने उसका लाइसेंस निरस्त करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने स्वास्थ्य केन्द्र परिसर में खुली नालियों की समस्या को देखते हुए नगर पालिका गोटेगांव को उनका स्टीमेट तैयार करने के निर्देश दिए। वहीं शेष बाउंड्रीवॉल निर्माण के लिए पीडब्ल्यूडी को स्टीमेट बनाने को कहा। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने एएनसी वार्ड, दवा वितरण केन्द्र सहित अन्य व्यवस्थाओं का भी अवलोकन कर स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए।

**परेशानी** | निर्माण के नाम पर कीचड़-मलबा, स्कूल आते-जाते गिर रहे बच्चे, अभिभावक परेशान

# सीएम राइस स्कूल में मलबे का अंबार छात्र-छात्राओं के लिए मुसीबत बना

**नवभारत/ गोटेगांव।** नगर में नव निर्मित सीएम राइस भवन तो बनकर तैयार हो गया है, लेकिन यहां अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को स्कूल पहुंचने में रोजाना मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है। निर्माण कार्य अधूरा होने और परिसर में पुरानी जर्जर बिल्डिंग का मलवा पड़ा होने के कारण छात्र-छात्राओं का आना-जाना जोखिम भरा हो गया है। साथ ही निर्माण कार्य भी प्रगति पर है और ऐसे में स्कूल परिसर में जगह-जगह मलवा, कीचड़ और गिट्टी पड़ी है। बारिश में यह पूरा क्षेत्र दलदल में तब्दील हो जाता है। इस कारण छात्र-छात्राएं



फिसलकर गिर रहे हैं, यूनिफॉर्म खराब हो रही है और छुटपुट दुर्घटनाएं भी सामने आ रही हैं। सबसे ज्यादा परेशानी इंदिरा कन्या शाला में पढ़ने वाली छात्राओं और शिक्षक-शिक्षिकाओं को हो रही है साथ ही समस्त विद्यालय स्टाफ इस समस्या से आने-जाने में परेशान है।

### अभिभावकों का कहना है

कि संबंधित ठेकेदार ने मलवा न हटाकर लापरवाही की है। कई बार शिकायत के बाद भी जिम्मेदारों ने ध्यान नहीं दिया। अभिभावकों ने प्रशासन और शिक्षा विभाग से मांग की है कि तत्काल मलवा हटवाकर छात्र-छात्राओं के लिए सुरक्षित आवागमन का रास्ता बनाया जाए, ताकि रोज होने वाली घटनाओं पर रोक लग सके। अब देखना होगा कि जिला प्रशासन और स्कूल प्रबंधन इस समस्या को कब गंभीरता से लेता है।

# कलेक्टर रजनी सिंह का औचक निरीक्षण

**नवभारत/ गोटेगांव।** नरसिंहपुर जिले की कलेक्टर रजनी सिंह ने शुक्रवार को गोटेगांव स्थित शासकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान परिसर में चल रहे निर्माण कार्यों में लापरवाही मिलने पर उन्होंने संबंधित ठेकेदार को कड़ी फटकार लगाई। कलेक्टर ने ष्ट।ष्ट परिसर में पेवर ब्लॉक निर्माण कार्य में गुणवत्ता न होने पर एवं कार्य अधूरा पाए जाने पर नाराजगी जताई। उन्होंने ठेकेदार को समय-सीमा में गुणवत्ता के साथ काम पूरा करने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि मरीजों की सुविधा से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने पोषण पुनर्वास केंद्र का भी जायजा लिया और वहां भर्ती



बच्चों व माताओं से संवाद कर उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। इसके बाद ओपीडी पहुंचकर मरीजों से उनका हाल जाना और उपचार की व्यवस्था देखी। इस अवसर पर जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनीष कुमार मिश्रा, सीएमएचओ डॉ. संघमित्रा गौतम, अनुविभागीय अधिकारी, बीएमओ डॉ. एस.एस. शाह और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। कलेक्टर ने स्वास्थ्य केंद्र प्रबंधन को निर्देश दिए कि मरीजों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं और परिसर में चल रहे सभी निर्माण कार्य तेजी से पूरे किए जाएं।